जीविका
गरीबी निवारण हेतु बिहार सरकार की पहल
बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति
राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, बिहार
बिहार सरकार
प्रथम तल, विद्युत भवन–2, बेली रोड, पटना–800 021, दूरभाष :+91–612–250 4980, फैक्स : +91–612–250 4960, वेबसाइट : www.brlp.in

पत्रांक : BRLPS/Proj-H&N/1088/17/2256 दिनांक : 05-11-2020

कार्यालय आदेश

आगामी पर्व-त्योहार एवं सर्दी के मौसम को देखते हुए भारत सरकार द्वारा **"जब तक दवाई नहीं तब तक ढ़िलाई नहीं"** विषय पर कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए व्यापक जागरूकता अभियान शुरू किया गया है। सामान्यतः पर्व-त्योहार के दौरान लोग सामान की खरीददारी तथा उत्सव मनाने के लिए घर से बाहर निकलते है और एक-दुसरे से भी मिलते है, जिसके कारण लोगों में कोरोना संक्रमण की संभावना काफी हद तक बढ़ सकती है। इस दौरान लोगो को कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए जनमानस के बीच सघन जागरूकता अभियान चलाये जाने की आवश्यकता है ताकि लोग कम-से-कम घरों से बाहर निकले यदि निकलना आवश्यक हो तो सावधानियों के साथ निकले जैसे - मास्क का उपयोग, सुरक्षित सामाजिक दुरी का सदैव पालन एवं नियमित रूप से हाथो की सफाई इत्यादि। इस अभियान के महत्त्व को समझते हुए जीविका के सामुदायिक संगठनों में भी **माह - नवम्बर 2020 से मार्च - 2021** के बीच विभिन्न स्तरों पर निम्नलिखित गतिविधियाँ आयोजित की जाएगी -

समुदाय स्तर पर की जाने वाली गतिविधियाँ :

1. स्वयं सहायता समूह / ग्राम संगठन एवं संकुल संघ की बैठक में कोविड 19 से बचाव के उपायों पर सम्बंधित लीफलेट से चर्चा एवं सम्बंधित वीडियो को मोबाइल एवं पिको प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रदर्शित करना।
2. स्वयं सहायता समूह / ग्राम संगठन एवं संकुल संघ के सदस्यों द्वारा गाँव के स्तर पर जागरूकता रैली, शपथ ग्रहण, रंगोली प्रदर्शन इत्यादि का आयोजन करना।
3. अभियान अवधि में सभी स्वयं सहायता समूह के सभी सदस्य और कैडर प्रत्येक माह के 11 तारीख को कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु शपथ लेंगे।

प्रखंड स्तर पर की जाने वाली गतिविधियाँ :

1. सभी परियोजना कर्मी कोविड-19 के संक्रमण से बचाव हेतु प्रत्येक माह के 11 तारीख को शपथ लेंगे।
2. योजना बद्द्ध तरीके से सामुदाय स्तर की गतिविधियों को सम्पादित करवाना तथा सक्रियता के साथ उसमे सम्मिलित होकर समुदाय को जागरूक करना।
3. Whatsapp एवं SMS के माध्यम से कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु प्रचार-प्रसार सामग्रियों को सभी कर्मियों, कैडरों एवं समूह के दीदीयों के साथ साझा करना।

जिला परियोजना समन्वयन इकाई द्वारा की जाने वाली गतिविधियाँ :

1. सभी परियोजना कर्मी कोविड-19 के संक्रमण से बचाव हेतु प्रत्येक माह के 11 तारीख को शपथ लेंगे।
2. जिला के सभी विषयगत प्रबंधक कोरोना संक्रमण के बचाव के दिशा-निर्देश को शामिल करते हुए अपने थीम से सम्बंधित सभी गतिविधियों को सम्पादित करेंगे और इसके प्रतिवेदन को राज्य कार्यालय के अपने सम्बंधित थीम के नोडल कर्मी को प्रत्येक वुधवार को भेजेंगे।

3. Whatsapp के माध्यम से कोरोना वायरस से बचाव सम्बंधित जानकारियाँ जिला स्तरीय सभी कर्मियों एवं प्रखंडों के साथ साझा करना ।

4. प्रखंडो में चल रहे कोरोना वायरस से बचाव सम्बंधित गतिविधियों का अनुश्रवन एवं उचित सहयोग प्रदान करना ।

5. इस अभियान के तहत आयोजित होने वाली गतिविधियों से सम्बंधित अच्छे फोटो-ग्राफ एवं विडियो को राज्य परियोजना प्रबंधन ईकाई के साथ नियमित रूप से साझा करना ।

राज्य परियोजना प्रबन्धन इकाई द्वारा संपन्न की जाने वाली गतिविधियाँ :

1. अभियान अवधि में प्रत्येक थीम कोरोना संक्रमण से बचाव के दिशा-निर्देश को शामिल करते हुए सभी गतिविधियों को सम्पादित करेंगे और अपने थीम से किसी एक कर्मी को नामित करके प्रत्येक वुधवार को इसका साप्ताहिक प्रतिवेदन जिला से प्राप्त कर वर्णित ईमेल manojsw1416@gmail.com पर भेजेंगे । तभी NRLM को प्रत्येक वृहस्पतिवार को ससमय प्रतिवेदन भेजा जा सकेगा ।

2. सोशल मीडिया पर राज्य में कोरोना वायरस से बचाव सम्बंधित चल रही गतिविधियों को दैनिक स्तर पर अद्यतन करना ।

3. मोबाइल वाणी के माध्यम से समूह की दीदियों के मध्य IVR मेसेज का प्रसारण करवाना ।

प्रति संकुल संघ रैली के लिए 3 बैनर का मुद्रण BPIU/DPCU के द्वारा किया जायेगा । इस कार्यक्रम में होने वाले व्यय यथा - बैनर, रंगोली इत्यादि का भुगतान **Com-head (KMC - Other Communication Materials and Services)** से किया जायेगा ।

अतः इस कार्यक्रम के महत्व को देखते हुए उक्त वर्णित गतिविधियों को सभी स्तरों पर सुचारू रूप से सम्पादित करवाना सुनिश्चित किया जाय ।

अनुलग्नक: रिपोर्टिंग प्रपत्र और शपथ पत्र संलग्न ।
प्रचार-प्रसार का लिंक (https://drive.google.com/drive/folders/1ImSgd2IAJwqApR3SvMn1a33UPZiOirp9?usp=sharing)

विश्वासभाजन

5.11.2020

अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
जीविका

ज्ञापांक - BRLPS/Proj-H&N/1088/17/2256
दिनांक - 05-11-2020

प्रतिलिपि : सभी जिला स्तरीय प्रबंधक को सूचनार्थ एवं कार्यार्थ प्रेषित ।
प्रतिलिपि : सभी जिला परियोजना प्रबंधक को सूचनार्थ एवं कार्यार्थ प्रेषित ।
प्रतिलिपि : सभी परियोजना प्रबंधक और राज्य परियोजना प्रबंधक को सूचनार्थ प्रेषित ।
प्रतिलिपि : परियोजना समन्वयक - वितीय समावेशन और GKM को सूचनार्थ प्रेषित ।
प्रतिलिपि : मुख्य वित्त पदाधिकारी को सूचनार्थ प्रेषित ।
प्रतिलिपि : विशेष कार्य पदाधिकारी और निदेशक को सूचनार्थ प्रेषित ।
प्रतिलिपि : IT कोषांग को सूचनार्थ प्रेषित ।

5.11.2020

अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
जीविका